## दुलार...



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को छिंदवाड़ा में विद्या अर्पण हाई स्कूल के बच्चों को अपनत्व से दुलारा। इसके बाद जनविश्वास अभियान में शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री बोले- तकनीकी कौशल के साथ अपनी जड़ों से जुड़े रहें युवा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षु छात्राओं से आत्मविश्वास बनाए रखने, तकनीकी दक्षता हासिल करने और अपनी जड़ों तथा खेती से जुड़े रहने का आह्वान किया।



मुख्यमंत्री शुक्रवार को छिंदवाड़ा स्थित शासकीय आदिवासी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के भ्रमण के दौरान छात्राओं से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण, रोजगार की संभावनाओं तथा शासकीय योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। संवाद के दौरान प्रशिक्षु सुषमा उइके और राधा उड़के ने तकनीकी क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने तथा सीखे हुए कौशल का उपयोग खेती और स्वरोजगार में करने की इच्छा व्यक्त की। वहीं मीना करवेती ने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से मिले लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि वह विद्युत मरम्मत, वायरिंग और मशीनों के पुर्जों के कार्य में दक्ष हो चुकी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं का दायित्व केवल अपना भविष्य संवारना नहीं, बल्कि अपने कौशल से समाज के विकास में भी योगदान देना है। उन्होंने संस्थान में प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार 'वेस्ट टू आर्ट' की आकर्षक कृतियों की सराहना की, प्रवेश विवरणिका का विमोचन किया।

# चांदी लूटकांड के दो आरोपियों का शॉर्ट एनकाउंटर, आरोपी गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कुख्यात काला ईरानी गैंग के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। वाराणसी पुलिस ने 27 किलो चांदी लूटकांड में फरार चल रहे गैंग के दो आरोपियों शाबिर और माशाअल्लाह को शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया है।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपी भोपाल के काला ईरानी गैंग से जुड़े हुए हैं और लंबे समय से फरार चल रहे थे। आरोपियों ने क्राइम ब्रांच पुलिस बनकर 27 किलो चांदी की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। वाराणसी पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी।



काला ईरानी गैंग पर बड़ा एक्शन

**पुलिस पर फायरिंग के बाद हुई जवाबी कार्रवाईः** पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी। घायल अवस्था में दोनों को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 किलो चांदी, 15,020 रुपये नकद, दो तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं।

**कई राज्यों में दर्ज हैं गंभीर आपराधिक मामलेः** काला ईरानी गैंग को लेकर पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया है कि इस अंतरराज्यीय गिरोह के खिलाफ उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली समेत कई राज्यों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरोह पर लूट समेत कई आपराधिक वारदातों में शामिल होने के आरोप हैं। करीब सात साल बाद कुख्यात गैंगस्टर काला ईरानी के जेल पहुंचने के बाद अब उसके नेटवर्क से जुड़े गुर्गों पर भी पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। विभिन्न राज्यों की पुलिस के बीच गैंग की आपराधिक गतिविधियों और नेटवर्क से जुड़ी जानकारी साझा की जा रही है।

**भोपाल पुलिस ने साझा की गैंग की क्राइम हिस्ट्रीः** वाराणसी पुलिस की कार्रवाई में भोपाल पुलिस की ओर से भी अहम जानकारी साझा की गई है। भोपाल पुलिस ने काला ईरानी गैंग की क्राइम हिस्ट्री और नेटवर्क से जुड़ी जानकारी वाराणसी पुलिस को उपलब्ध कराई, जिससे आरोपियों की पहचान और उनकी आपराधिक गतिविधियों की पड़ताल में मदद मिली। भोपाल कमिश्नरेट के जोन-डीसीपी आदर्शकांत शुक्ला ने भी मामले से जुड़ी जानकारी साझा की है। पुलिस अब गैंग के अन्य सदस्यों और देश के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय उसके नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है।

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हथकरघा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कौशल और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की महेश्वरी, चंदेरी सहित पारंपरिक हथकरघा कला ने देश और दुनिया में विशिष्ट पहचान बनाई है।

## गुरु हरकिशन साहिब के प्रकाश पर्व पर दी बधाई

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिखों के आठवें गुरु हरकिशन साहिब जी के पावन प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि गुरु हरकिशन साहिब धर्म, निःस्वार्थ सेवा, समर्पण, करुणा और मानवता की अमूल्य परंपरा के प्रेरणास्रोत हैं। उनका दिव्य जीवन और उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग सभी को सदैव प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।

# ब्राजील के सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल ने किया राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का भ्रमण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** ब्रिक्स-2026 के अंतर्गत भारत प्रवास पर आए ब्राजील के संस्कृति मंत्रालय के राष्ट्रीय ऐतिहासिक एवं कलात्मक धरोहर संस्थान के अध्यक्ष डेवेसन इज़राइल आल्वेस गुस्माओ ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का भ्रमण किया।

उनके साथ संस्कृति मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के महा-समन्वयक विनीसियस ग्युर्टलर भी उपस्थित रहे। संग्रहालय के कुम्हार पारा प्रदर्शनी परिसर में सहायक क्यूरेटर डॉ. सोमा किरो ने अतिथियों का स्वागत किया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुक्ताकाशीय हिमालयी ग्राम प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए हिमालयी क्षेत्र की भूकंप-रोधी पारंपरिक स्थापत्य शैली तथा स्थानीय ज्ञान-परंपराओं में विशेष रुचि दिखाई। इस दौरान पर्वतीय समुदायों की निर्माण तकनीकों, प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने संग्रहालय की आंतरिक दीर्घाओं का भी भ्रमण किया। इस दौरान भारत और ब्राजील की लोक संस्कृति, शिल्प, सामुदायिक विरासत तथा सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों में विद्यमान समानताओं पर विचार-विमर्श किया गया।

## फेसलेस रजिस्ट्री व्यवस्था में बड़ा बदलाव, अब नहीं रुकेगा पंजीयन कार्य

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश सरकार ने फेसलेस रजिस्ट्री व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और त्वरित बनाने के लिए नियमों में संशोधन किया है। नए प्रावधान के अनुसार अब प्रदेश का कोई भी उप-पंजीयक किसी भी जिले की फेसलेस रजिस्ट्री तथा अन्य फेसलेस दस्तावेजों का पंजीयन कर सकेगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य लंबित प्रकरणों में कमी लाना और नागरिकों को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराना है। रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-6 के तहत किए गए संशोधन के बाद पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों का अधिकार क्षेत्र पूरे प्रदेश के सभी उपजिलों तक विस्तारित कर दिया गया है। यह व्यवस्था केवल फेसलेस पंजीयन से संबंधित दस्तावेजों पर लागू होगी। फरवरी 2026 में प्रारंभ किए गए साइबर उप-पंजीयक कार्यालय के माध्यम से अब तक प्रदेश में दस हजार से अधिक दस्तावेजों का फेसलेस पंजीयन किया जा चुका है। नई व्यवस्था के तहत यदि किसी जिले में कार्यभार अधिक होगा और दूसरे जिले में कम, तो प्रणाली के माध्यम से दस्तावेज उपलब्ध उप-पंजीयक को भेजे जा सकेंगे। इससे पंजीयन कार्य में तेजी आएगी और अनावश्यक विलंब नहीं होगा।

**▸▸ उपलब्ध उप-पंजीयक करेंगे दस्तावेजों का पंजीयन, लंबित मामलों में आएगी कमी**

# मंडीदीप में औद्योगिक परियोजनाओं का निरीक्षण, समयबद्ध कार्य पर जोर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने शुक्रवार को मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि औद्योगिक अधोसंरचना का विकास भविष्य की आवश्यकताओं और निवेशकों की अपेक्षाओं के अनुरूप किया जाए तथा सभी परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी हों। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन वर्किंग वूमेन हॉस्टल परियोजना का जायजा लिया। परिसर में आठ हॉस्टल ब्लॉकों का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कार्यरत महिलाओं की सुविधा के लिए कौशल विकास केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र और व्यायामशाला जैसी अतिरिक्त सुविधाएं विकसित करने की संभावनाओं पर भी विचार करने के निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव ने मंडीदीप में विकसित किए जा रहे स्पोर्ट्स पार्क और फ्लैटेड इंडस्ट्रीज परियोजना का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक औद्योगिक क्षेत्रों में खेल एवं मनोरंजन सुविधाएं कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। फ्लैटेड इंडस्ट्रीज परियोजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने उद्योगों की भविष्य की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक और सुव्यवस्थित अधोसंरचना विकसित करने पर बल दिया। दौरे के दौरान उन्होंने सड़क, जल निकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया तथा मेसर्स नेटलिंक सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड का भ्रमण कर उद्योग प्रतिनिधियों से चर्चा की।

## लंबित भुगतान को लेकर मछुआरों ने मत्स्य महासंघ कार्यालय घेरा

**नप्र, भोपाल :** हलाली बांध से जुड़े सैकड़ों मछुआरों ने शुक्रवार को मप्र मत्स्य महासंघ के संचालक कार्यालय का घेराव कर लंबित भुगतान और विभिन्न योजनाओं की राशि जारी करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

मछुआरों का कहना है कि प्रत्येक वर्ष जुलाई में मिलने वाला डिफर्ड वेज का भुगतान इस वर्ष अब तक नहीं हुआ है। इसके अलावा 80-20 नाव-जाल योजना, मीनाक्षी विवाह योजना, मृत्यु सहायता राशि तथा प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजनाओं की राशि भी लंबे समय से लंबित है, जिससे मछुआरा परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भुगतान के लिए उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कभी नए दस्तावेज तो कभी अधिकारियों की अनुपस्थिति का हवाला देकर उन्हें टाल दिया जाता है। उनका कहना है कि इससे बच्चों की पढ़ाई, घरेलू खर्च, उपचार और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करना कठिन हो गया है।

## प्राथमिक शिक्षकों को पारस्परिक जिला परिवर्तन की सुविधा

**नप्र, भोपाल :** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती-2026 में चयनित अभ्यर्थियों को पारस्परिक जिला परिवर्तन की सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था उन अभ्यर्थियों के लिए लागू की गई है, जिन्हें पारिवारिक, सामाजिक, चिकित्सीय अथवा अन्य कारणों से आवंटित जिले और विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने या नियमित रूप से सेवाएं देने में कठिनाई हो रही है।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार समान श्रेणी के दो चयनित अभ्यर्थी आपसी सहमति से अपने आवंटित जिले तथा विद्यालय का पारस्परिक परिवर्तन करा सकेंगे। इसके लिए पात्र अभ्यर्थी 10 और 11 अगस्त को निर्धारित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया का किसी अन्य अभ्यर्थी के चयन, मेरिट, आरक्षण व्यवस्था अथवा अन्य अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। केवल आवेदन करने से जिला परिवर्तन का अधिकार स्वतः प्राप्त नहीं होगा। प्रत्येक प्रकरण पर अंतिम निर्णय लोक शिक्षण आयुक्त द्वारा लिया जाएगा।

## मंत्रियों ने सुनी जनसमस्याएं



**नप्र, भोपाल :** मंत्री विजय शाह एवं नरेंद्र शिवाजी पटेल ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने विभिन्न मामलों में संबंधित अधिकारियों से तत्काल चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए मंत्रियों ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौधरी भी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने डॉ. स्वामीनाथन की जयंती पर किया नमन

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरित क्रांति के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन की जयंती पर उन्हें नमन किया। डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि कृषि अनुसंधान, नवाचार, दूरदर्शिता और किसान कल्याण के प्रति डॉ. स्वामीनाथन का बहुमूल्य योगदान, भारत की खाद्य आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव सिद्ध हुआ है।

## बाबूलाल जैन की पुण्यतिथि पर नमन

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ नेता तथा पूर्व मंत्री बाबूलाल जैन की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि श्री जैन की सादगी, संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा के लिए उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को राजधानी में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से सौजन्य मुलाकात की।

## टैगोर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रगान के रचयिता, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि श्रद्धेय टैगोर ने अपने साहित्य, शिक्षादर्शन और मानवीय मूल्यों के माध्यम से भारत कीसांस्कृतिक चेतना को नई दिशा प्रदान की। ज्ञान, सृजन, संवेदना और राष्ट्र प्रेम का गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर का संदेश आज भी विकसित, समरस और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की हमारी यात्रा को निरंतर आलोकित करता है।

# शासन के आश्वासन के बाद पटवारियों की हड़ताल स्थगित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने शासन द्वारा प्रमुख मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद अपनी हड़ताल स्थगित कर दी है। राजस्व विभाग ने नायब तहसीलदार पद के लिए विभागीय परीक्षा आयोजित करने, लंबित भुगतान शीघ्र कराने तथा शिकायतों में प्रारंभिक जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। पटवारी संघ के अनुसार, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव के साथ कई दौर की चर्चा के बाद मांगों पर सकारात्मक पहल हुई। इसके बाद संघ की राज्य स्तरीय बैठक में आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया गया। कर्मचारी चयन मंडल ने वर्ष 2026 में नायब तहसीलदार विभागीय परीक्षा आयोजित करने की प्रक्रिया तय कर दी है। साथ ही पटवारियों के स्थानांतरण से जुड़े लंबित मामलों के प्राथमिकता से निराकरण का भी आश्वासन दिया गया है। राजस्व विभाग ने स्पष्ट किया है कि पटवारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर पहले प्रारंभिक जांच की जाएगी। जांच में तथ्य सही पाए जाने के बाद ही नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। बिना तथ्यात्मक पुष्टि के किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाएगी। प्रमुख सचिव डॉ. ई. रमेश कुमार ने सभी जिला कलेक्टरों को पटवारियों और राजस्व विभाग के मैदानी कर्मचारियों के लंबित भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दिए हैं।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने पदोन्नति संबंधी परिपत्र का किया विरोध

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति में संगणक प्रवीणता एवं प्रमाणन परीक्षा की अनिवार्यता संबंधी सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र के विरोध में शुक्रवार को राज्य कर्मचारी संघ ने विंध्याचल भवन के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध नारेबाजी की तथा परिपत्र की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया। संघ का आरोप है कि 22 जुलाई 2026 को जारी परिपत्र के कारण विभिन्न विभागों में कार्यरत लगभग 15 हजार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सहायक ग्रेड-3 पद पर पदोन्नति प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों का कहना है कि इससे वर्षों से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों में व्यापक असंतोष है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शासन को वर्ष 2010 में लागू प्रावधानों के आधार पर पदोन्नति की व्यवस्था बहाल करनी चाहिए। उनका कहना है कि पूर्व में कर्मचारियों को निर्धारित शर्तों के साथ पदोन्नति का अवसर दिया जाता था तथा आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के लिए समय-सीमा भी निर्धारित रहती थी। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपते हुए परिपत्र निरस्त करने तथा पूर्व व्यवस्था के अनुसार पदोन्नति सुनिश्चित करने की मांग की गई।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com